Criteria of a Good Research Hypotheses

उत्तम प्राक्कल्पना की विशेषताएँ :

① प्राक्कल्पना को जाँचनीय होना चाहिए - एक अच्छी परिकल्पना की विशेषता है कि उसको बनाने के समय यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि संभव हो तो बाद में भी उसे जाँचा-परखा जा सके, हालाँकि परिकल्पना निर्माण के पूर्व भी सभी-कोणों पर उसे जाँच-परख कर ही बनानी चाहिए।

② परिकल्पना का आपसी संबंध अन्य परिकल्पनाओं से भी होना चाहिए - Researcher द्वारा निर्मित परिकल्पना का संबंध क्षेत्र के अन्य परिकल्पना के अनुक्रम है तो इसे एक अच्छी परिकल्पना कहा जाता है चूँकि शोधकर्ता कई- Hypothesis बनाता है और उसमें correlation रखना है तो यह शोध के दृष्टिकोण से सही माना जाता है।

③ परिकल्पना को मितव्ययी होना चाहिए - परिकल्पना के मितव्ययी का अर्थ है कि शोध करने के समय कम से कम समय एवं धन व्यय हो और शोध सुविधापूर्वक सम्पन्न किया जा सके।

④ परिकल्पना में तार्किक पूर्णता तथा व्यापकता का गुण होना चाहिए - परिकल्पना ऐसी बनानी चाहिए जिससे शोध करने वाले को शोध समस्या का एक पर्याप्त उत्तर प्राप्त किया जाता है। तार्किक पूर्णता तथा व्यापकता के साथ Hypothesis बनाने से समस्या समाधान सरल होता है

Scanned with CamScanner

(5.) परिकल्पना को क्षेत्र में मौजूद सिद्धांत एवं तथ्यों से सम्बंधित होना चाहिए -

किसी परिकल्पना को एक उत्तम परिकल्पना बनाने के लिए आवश्यक है कि उसे उस क्षेत्र के मौजूदा किसी सिद्धांत एवं तथ्य से सम्बंधित होना चाहिए। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि शोधकर्ता कोई ऐसी विचित्र परिकल्पना तैयार कर लेता है परन्तु वह मौजूद सिद्धांतों एवं तथ्यों से मेल नहीं खाता है सिद्धान्ततः परिकल्पना वैज्ञानिक रूप से सही नहीं माना जाता है।

(6.) परिकल्पना सामान्य प्रकृति का तथा अधिक से अधिक - Deductions वाला होना चाहिए -

परिकल्पना को न तो विशिष्ट न ही अति सामान्य होना चाहिए, परिकल्पना जिनसे Relevant Deductions प्राप्त हो जाती है जिनसे क्योंकि इनसे एक ही साथ और एक ही बार में कई तथ्यों की व्याख्या संभव हो पाती है। McGuigan - 1990 ने कहा कि "सामान्य रूप से ऐसी Hypothesis जिनसे बहुत से महत्वपूर्ण अनुमितियाँ - (Deductions) की जाती है, अधिक गुणकारी परिकल्पना होती है।"

(7.) परिकल्पना को प्राप्य वैज्ञानिक परीक्षणों एवं उपकरणों से सम्बंधित होनी चाहिए :-

परिकल्पना में proposed Variables ऐसे होने चाहिए जिनकी शोधकर्ता आसानी से जाँच सके। एक अच्छी शोध परिकल्पना को क्षेत्र में उपलब्ध वैज्ञानिक परीक्षणों से सम्बंधित होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो शोध के प्रस्तावित चरों की मापन असंभव होता है। ऐसी स्थिति में Hypothesis की सत्यता की भी जाँच संभव नहीं हो पाता, ऐसी परिकल्पना अवैज्ञानिक होती है।

⑧ प्राक्कल्पना को स्पष्ट होना चाहिए

शोध परिकल्पना को Conceptually Clear होनी चाहिए जिसके Hypothesis में प्रयुक्त/ used - concepts objectively परिभाषित हो तथा परिभाषा ऐसी हो जिसके कुछ स्पष्ट अर्थ निकलता हो तथा वह अधिकतर लोगों को मान्य हो।

इस तरह उपरोक्त बिन्दुओं के आधार पर परिकल्पना को बेहतर बनाते हुए शोध (Research) की गुणवत्ता को कायम रखा जा सकता है, शोध को सरल एवं वैज्ञानिक के साथ-साथ - सरलता एवं कम समय में बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

अतः Hypothesis बनाते समय उपरोक्त विशेषताओं/ बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए।

Dr. AJAY KUMAR
Associate Professor
Department of Psychology
J. J. College, VKSU- ARA
8789427854.

Scanned with CamScanner